नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


2 बेस्ट टू एनर्जी की बिल्डिंग ढही


4 शिक्षकों पर गैरशिक्षकीय काम का भार


9 खिलौना उद्योग से 25% हिस्सेदारी का लक्ष्य


10 स्विट्जरलैंड ने कोलंबिया को हराया

# ईरान के साथ समझौता हुआ खत्म : डोनाल्ड ट्रम्प

**80** से अधिक ठिकानों पर अमेरिका ने ईरान पर किए हमले

**03** वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की सैन्य कार्रवाई

**वॉशिंगटन, 8 जुलाई. अमेरिका और ईरान के बीच हालिया युद्धविराम प्रभावी नहीं रह गया है. नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उनके अनुसार ईरान के साथ हुआ सीजफायर अब समाप्त हो चुका है और वह अब ईरान के साथ किसी नए समझौते के पक्ष में नहीं हैं.**

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने पिछली रात ईरान में सैन्य कार्रवाई की और यदि भविष्य में भी अमेरिकी हितों या अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर हमला हुआ तो उसका जवाब दिया जाएगा. अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के 80 से अधिक सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किएमइन हमलों में वायु रक्षा



प्रणाली, कमांड एवं कंट्रोल केंद्र, तटीय रडार, एंटी-शिप मिसाइल ठिकानों तथा होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास मौजूद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौकाओं को निशाना बनाया गया. अमेरिका के अनुसार यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों के जवाब में की गई.

ट्रम्प ने कहा कि हमने कल रात उन पर बहुत जोरदार हमला किया था और संभव है कि आज रात फिर से हमला करें। ईरान मिडिल ईस्ट में दबाव बनाता रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं रहेगा. रिपोर्टों के अनुसार अमेरिकी कार्रवाई के दौरान ईरान के बंदर अब्बास स्थित शाहिद हक्कानी पोर्ट क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया. वहीं, ईरान ने अमेरिकी कार्रवाई को आक्रामक कदम बताते हुए इसका जवाब देने की बात कही है.

### ट्रंप के बयान से शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट

**मुंबई, 08 जुलाई.** ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को जबरदस्त गिरावट देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 1,677.12 अंक (2.15 प्रतिशत) लुढ़ककर 76,503.60 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 516.65 अंक यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 23,882.05 अंक पर आ गया. यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 30 जून का बाद का निचला स्तर है. अमेरिका ने मंगलवार को ईरान पर फिर हमले किये. साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ अंतरिम शांति समझौता समाप्त होने की घोषणा की. इससे शेयर बाजारों में जोखिम उठाने की निवेशकों की चाहत को धक्का पहुंचा है.

# बगलामुखी मंदिर के दान में घोटाला

- गैर शासकीय समिति कर रही थी अवैध वसूली
- पूर्व एसडीएम ने बनाई थी गैर शासकीय समिति

**शाजापुर, 8 जुलाई. आगर जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ और अवैध वसूली का मामला उजागर हुआ है.**

मंदिर परिसर के भीतर गैर सरकारी समिति बनाकर खुलेआम सोने-चांदी के आभूषण और नगदी का दान लिया जा रहा था. बड़ी बात तो




यह है कि ये पूरा खेल अधिकृत सरकारी प्रबंध समिति को किनारे कर किया जा रहा था. पूर्व एसडीएम की शह पर 2024 में यह अवैध व्यवस्था शुरू की गई थी. अब इस मामले में आगर कलेक्टर ने जांच के आदेश देकर 7 दिन में रिपोर्ट तलब की है. गौर करने वाली बात यह है कि विश्व प्रसिद्ध नलखेड़ा बगलामुखी मंदिर में सरकारी समिति को दरकिनार कर 2024 में नलखेड़ा सुदर्शन सेवा समिति का गठन किया गया, इस संस्था को तत्कालीन एसडीएम मिलिंद ढोके के संरक्षण में मंदिर के गर्भगृह के भीतर पैर जमाने का मौका मिला.

बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के मंदिर के अंदर रसीद कट्टे फाड़े जा रहे थे. जिसमें रजत सौंदर्यीकरण हेतु दान पत्र के नाम पर रसीद बुक छपाकर अवैध वसूली की जा रही थी. रसीद पर बकायदा निजी बैंक का नंबर अंकित था. जबकि सरकारी समिति को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया था.



अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी ने मिस्र के खिलाफ अपनी टीम को शानदार वापसी दिलाई !

## 15 जुलाई तक पीएफ खातों में आएगा 8.25 प्रतिशत ब्याज : केंद्र

**नई दिल्ली, 8 जुलाई.** देश के करोड़ों नौकरीपेशा कर्मचारियों और पेंशनधारकों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भविष्य निधि (पीएफ) पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक ब्याज जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को बताया कि यह ब्याज 15 जुलाई तक पात्र सदस्यों के खातों में जमा कर दिया जाएगा. सरकार इस प्रक्रिया के तहत लगभग 1.44 लाख करोड़ रुपये की ब्याज राशि करोड़ों खाताधारकों के खातों में स्थानांतरित करेगी.

# कांग्रेस ने गेहूं, मंदिर और नर्मदा मुद्दे पर सरकार को घेरा

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 08 जुलाई. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बुधवार को राज्य सरकार पर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पर खरीदे गए गेहूं के कथित रूप से गायब होने, मंदिरों में चढ़ावे के प्रबंधन में अनियमितताओं तथा नर्मदा जल विवाद समझौते को लेकर कई सवाल उठाए।**

भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में उमंग सिंघार ने दावा किया कि वर्ष 2025-26 के समर्थन मूल्य खरीदी अभियान के दौरान




खरीदे गए 7,168 टन गेहूं का सरकारी रिकॉर्ड में उल्लेख है, लेकिन 13 जिलों में भौतिक सत्यापन के दौरान यह स्टॉक नहीं मिला. उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 18.82 करोड़ रुपये मूल्य का गेहूं गायब होने के बावजूद अब तक व्यापक जांच नहीं कराई गई, जिससे भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की उदासीनता उजागर होती है. उन्होंने मांग की कि सरकार बताए कि यह गेहूं कहां गया और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई.

नेता प्रतिपक्ष ने आगर मालवा जिले के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में चढ़ावे और आभूषणों के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं का भी मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि जांच के दौरान कई गंभीर तथ्य सामने आए हैं और पूर्व में अन्य मंदिरों में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं.

मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए गेहूं के भंडारण को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उपार्जन केंद्रों से वेयरहाउस तक पहुंचने से पहले करीब 86 हजार क्विंटल गेहूं रिकॉर्ड से गायब हो गया. यह मामला प्रदेश के 16 जिलों से जुड़ा बताया जा रहा है. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि सरकार ने संबंधित जिला कलेक्टरों को जांच के निर्देश दिए हैं.

## एक नजर में



### चीन में 5.0 तीव्रता का भूकंप, 8 बार हिली धरती

**बीजिंग.** चीन के दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में बुधवार सुबह 5.0 तीव्रता का भूकंप आने से क्षेत्र में दहशत फैल गई. चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, भूकंप का केंद्र सिचुआन के गाओशियान काउंटी में था और इसकी गहराई जमीन से लगभग आठ किलोमीटर नीचे दर्ज की गई. भूकंप सुबह 6:12 बजे आया, जिसके बाद चीन भूकंप प्रशासन ने तत्काल लेवल-3 इमरजेंसी रिस्पॉन्स लागू कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए.

### देशभर में भारी बारिश की संभावना

**नई दिल्ली.** मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में देश के कई हिस्सों में व्यापक और भारी बारिश का अनुमान जताया है. दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने के कारण उत्तर-पश्चिम, मध्य, पश्चिमी तट और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश होने की संभावना है. आईएमडी का पूर्वानुमान है कि अरुणाचल प्रदेश, असम-मेघालय, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल-सिक्किम में भी भारी बारिश जारी रहने की संभावना है. उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम. भारी से बहुत भारी बारिश: अरुणाचल प्रदेश, असम-मेघालय में भी बारिश होगी.

## गुस्ताखी माफ




# नोटों से लेकर सोने की ईंटों तक का खजाना

- लखनऊ में पूर्व एआरटीओ के ठिकाने पर छापा
- करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी मिली

**लखनऊ, 08 जुलाई. उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व एआरटीओ ललित कुमार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है.**

आगरा में तैनात रहे ललित कुमार के लखनऊ स्थित अलीगंज आवास पर सात और आठ जुलाई को की गई छापेमारी में जांच टीम को बड़ी मात्रा में नकदी, कीमती आभूषण और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज मिले हैं. तलाशी के दौरान घर से करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपये नकद, करीब 13 किलोग्राम सोना, 9 किलोग्राम चांदी और हीरे समेत अन्य कीमती आभूषण बरामद हुए हैं. बरामद आभूषणों में सोने के बिस्किट, ईंटें और चांदी के बिस्किट भी शामिल बताए गए हैं. इनकी अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपये आंकी गई है. जांच टीम को करीब 13 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं. इनमें लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में प्लॉट, फ्लैट, कृषि भूमि और अन्य संपत्तियों के कागजात शामिल हैं. विजिलेंस को कुल मिलाकर 35 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति मिली है. छापेमारी के दौरान कई संपत्तियों के दस्तावेज मिले हैं, जिनमें लखनऊ के अलीगंज, मोहनलालगंज, इंदिरानगर और अन्य क्षेत्रों की जमीनें और मकान शामिल हैं.

इसके अलावा नोएडा में फ्लैट बुकिंग, बाराबंकी और रायबरेली में कृषि भूमि से जुड़े रिकॉर्ड भी जांच के दायरे में लिए गए हैं. घर में अलग-अलग स्थानों पर पैकेटों में छिपाकर नकदी और आभूषण रखे गए थे. तलाशी के दौरान दो लग्जरी कारें भी मिली हैं.

## ममता बनर्जी ने टीएमसी कार्यकर्ता को मारा थप्पड़

**कोलकाता, 08 जुलाई.** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. दावा किया जा रहा है कि कोलकाता में एक विरोध रैली खत्म होने के बाद समर्थकों के बीच से गुजरते समय उन्होंने आपा खो दिया और अपनी ही पार्टी तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया. वीडियो में घटना को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं. वीडियो में ममता बनर्जी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पार्टी नेताओं और समर्थकों की भीड़ से घिरी हुई दिखाई दे रही हैं.

# 440 करोड़ वाले टीएमसी के तीन खाते सीज

**कोलकाता, 08 जुलाई. तृणमूल कांग्रेस से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बड़ा कदम उठाया. जांच एजेंसी ने कोलकाता समेत पश्चिम बंगाल के कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की और उन बैंक खातों की जांच शुरू की, जिनमें कथित तौर पर करीब 440 करोड़ रुपये जमा होने की जानकारी सामने आई है.**

ईडी की कई टीमें केंद्रीय सुरक्षा बलों की सुरक्षा के बीच अलग-अलग ठिकानों पर पहुंचीं. एजेंसी का फोकस उन वित्तीय लेनदेन की जांच पर है, जिनमें कथित तौर पर अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, जांच के दौरान कई बैंक खातों को फ्रीज किया गया है, ताकि आगे की जांच पूरी होने तक उनमें मौजूद राशि का इस्तेमाल न किया जा सके.जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन खातों में जमा रकम का स्रोत क्या है और क्या इन पैसों का इस्तेमाल किसी अवैध गतिविधि में किया गया.


### जांच एजेंसी बैंक रिकॉर्ड और लेन-देन की कर रही पड़ताल

राज्य में पहले भी केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ दल और विपक्ष के बीच तीखी बहस होती रही है. टीएमसी नेताओं की ओर से जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर प्रतिक्रिया आने की संभावना है, जबकि विपक्ष इसे भ्रष्टाचार के मुद्दे से जोड़कर उठा सकता है. ईडी की यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब राज्य की राजनीति में कई मुद्दों को लेकर पहले से ही माहौल गरम है. जांच एजेंसी अब दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड और वित्तीय लेन-देन की पड़ताल कर रही है.

# शोपियां में लश्कर का टॉप कमांडर जाकिर गनई ढेर

**श्रीनगर, 8 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए संयुक्त अभियान में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को मार गिराया. सुरक्षा एजेंसियों को खुफिया सूचना मिली थी कि जिले के चनापोरा क्षेत्र में आतंकियों की मौजूदगी है.**

इसके बाद भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से तलाशी अभियान शुरू किया.



चिनार कोर के अनुसार, तलाशी अभियान के दौरान छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकी जाकिर गनई मारा गया. मुठभेड़ समाप्त होने के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र की तलाशी ली, जिसमें मारे गए आतंकी का शव बरामद किया गया.

# बैंक खाते और दान नियम हुए सख्त

- राम मंदिर में चढ़ावा व्यवस्था में किया बड़ा बदलाव
- संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा वित्तीय लेन-देन

**अयोध्या, 8 जुलाई. राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दान व्यवस्था और बैंकिंग प्रणाली में व्यापक बदलाव लागू किए हैं. नई व्यवस्था के तहत अब मंदिर के बैंक खातों का संचालन किसी एक व्यक्ति के बजाय तीन अधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा.**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे को लेकर नया विवाद सामने आया है. ट्रस्ट के ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास ने दावा किया है कि वह स्वयं चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार करने के पक्ष में नहीं थे. उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के अधिकांश सदस्य भी उनके पद छोड़ने के समर्थन में नहीं थे, लेकिन इसके बावजूद इस्तीफा स्वीकार किए जाने की प्रक्रिया अपनाई गई. महंत दिनेंद्र दास के अनुसार, ट्रस्ट की बैठक के दौरान चंपत राय का इस्तीफा ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरी ने प्राप्त किया.

ट्रस्ट के कार्यकारी महासचिव कृष्ण मोहन के साथ जगदीश और चंदन राय को भी बैंक संचालन के लिए अधिकृत किया गया है. अब किसी भी वित्तीय लेनदेन के लिए तीनों के संयुक्त हस्ताक्षर अनिवार्य. इससे पहले बैंकिंग व्यवस्था की जिम्मेदारी ट्रस्टी अनिल मिश्रा के पास थी और बैंक में उनके हस्ताक्षर मान्य थे, जबकि कोषाध्यक्ष गोविंद गिरी के डिजिटल हस्ताक्षरों का उपयोग किया जाता था. ट्रस्ट ने दान पेटियों से प्राप्त राशि की सुरक्षा और गणना प्रक्रिया को भी अधिक सुदृढ़ किया है.



# 60 किमी दूरी तक लक्ष्य पर सटीक प्रहार

- चांदीपुर में पिनाका रॉकेट का सफल उड़ान परीक्षण
- रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ व भारतीय सेना को दी बधाई

**नई दिल्ली, 08 जुलाई. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ ) ने लंबी दूरी की निर्देशित रॉकेट प्रणाली पिनाका ( एलआरजीआर ) का बुधवार को सफल उड़ान परीक्षण किया.**

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह परीक्षण चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में किया गया. रॉकेट का परीक्षण निर्धारित 60 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी के लिए किया गया. योजना के अनुरूप उड़ान के दौरान सभी निर्धारित संचालन सफलतापूर्वक प्रदर्शित करते हुए एलआरजीआर ने अनुमानित पथ का सटीक अनुसरण करते हुए लक्ष्य पर अत्यंत सटीकता के साथ प्रहार किया.

सभी रेंज उपकरणों ने पूरी उड़ान के दौरान रॉकेट की निगरानी की. पिनाका का डिजायन आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने उच्च ऊर्जा पदार्थ अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से तैयार किया है. इस कार्य में रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने भी सहयोग किया है. रॉकेट का प्रक्षेपण मौजूदा पिनाका प्रक्षेपक से किया गया, जिससे इसकी बहुउपयोगिता सिद्ध हुई तथा एक ही प्रक्षेपक से विभिन्न दूरी की क्षमता वाले पिनाका रॉकेटों के प्रक्षेपण की क्षमता का प्रदर्शन भी हुआ. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग जगत को बधाई दी. उन्होंने इसे लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेटों के स्वदेशी डिजायन एवं विकास क्षमता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया. रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने परीक्षणों की निकटता से निगरानी की और सफल परीक्षण से जुड़े सभी दलों को बधाई दी.

**तीन दिनी यात्रा** | तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया पहुंचे मोदी

# भारत-ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक साझेदारी से मिलेगी ऊर्जा



**नई दिल्ली, 08 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में बुधवार देर शाम आस्ट्रेलिया के मेलबर्न पहुंच गये जहां हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। श्री मोदी सोमवार को तीन देशों इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्रा पर रवाना हुए थे. आस्ट्रेलिया की तीन दिन की यात्रा के बाद वह न्यूजीलैंड रवाना होंगे।**

वहीं, मेलबर्न पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी यात्रा रणनीतिक साझेदारी को नयी ऊर्जा देगी. उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ वार्ता के लिए उत्सुक हैं. श्री मोदी ने कहा, मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया पहुंचा। यह यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा प्रदान करेगी।

मैं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ के साथ होने वाली वार्ता की प्रतीक्षा कर रहा हूं. मुझे भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ संवाद करने का अवसर भी मिलेगा, जो हमारी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ तीसरे वार्षिक शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे तथा साझा हित के सभी क्षेत्रों में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद करेंगे। उन्होंने कहा, मेलबर्न में मुझे भारतीय प्रवासी समुदाय से मिलने का अवसर मिलेगा, जो हमारी रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसके अलावा, यह दौरा भारत और ऑस्ट्रेलिया को उभरती एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, खेल एवं खेल विज्ञान के क्षेत्रों में अपने द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ करने का अवसर भी प्रदान करेगा. प्रधानमंत्री के तौर पर यह उनका तीसरा आधिकारिक दौरा-खास बात यह है कि प्रधानमंत्री के तौर पर यह उनका इस देश का तीसरा आधिकारिक दौरा है.